तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सुखदेव सिंह गोदारा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353926083199518	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/04/25	अपीलार्थी सुखदेव सिंह गोदारा निवासी 1090, वार्ड नं. 8, भोपालगढ़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.03.2025 को कार्यभार हस्तातंरण से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 378 दिनांक 03.04.2025 से बतलाया कि प्रार्थी को दिनांक 24.03.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत चाही गई ऑनलाईन आवेदन पत्र में सूचना का स्पष्ट उल्लेख नही किया गया है, जिसके अभाव में सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। अपीलार्थी पूर्ण विवरण सहित वांछित सूचना का स्पष्ट अकंन करते हुए लोक सूचना अधिकारी के समक्ष नवीन आवेदन कर सकता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by G[illegible]av Agrawal
Designation : Colle[illegible]r & District Magistrate
Date: 2025.04.[illegible]8:55:26 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14798682